BHADOHI POLICE

प्रेस-नोट

सराहनीय कार्य, जनपद भदोही **दिनांक-25.03.2025**

◆थाना ऊंज व पीआरवी-2307 पुलिस टीम के अथक प्रयास से 26 वर्षों से गुम रहे मंदबुद्धि व्यक्ति अपने परिजनों से मिले

◆मानसिक रूप से कुछ अस्वस्थ होने के कारण पीआरवी 2307 पुलिस टीम को इधर-उधर भटकते हुए अवस्था में थे मिले

◆अपना नाम व पता स्पष्ट न बता पाने की स्थिति में पुलिस द्वारा अथक प्रयास कर गुम वृद्ध व्यक्ति के परिजनों के संबंध में जानकारी कर सकुशल परिजनों को किया गया सुपुर्द

◆परिजनों व स्थानीय लोगों द्वारा किया गया भदोही पुलिस का हृदय से धन्यवाद

दिनांक 24.03.2025 को थाना ऊंज क्षेत्र अंतर्गत डायल 112 पीआरवी-2307 पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक मंदबुद्धि वृद्ध व्यक्ति इधर-उधर भटकते हुए अवस्था में पाया गया। मानसिक रूप से कुछ अस्वस्थ होने के कारण अपने नाम और पता के संबंध में स्पष्ट नहीं बता पा रहे थे। पीआरवी पुलिस टीम द्वारा उनके परिजनों के संबंध में जानकारी करने हेतु उन्हें अपने वाहन से थाना ऊंज पर लाया गया।

श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा गुम व्यक्तियों के संबंध में संवेदनशीलता पूर्वक त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के क्रम में प्रभारी निरीक्षक ऊंज मय पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास कर वृद्ध व्यक्ति की पहचान राजेंद्र प्रसाद नागर पुत्र स्व0 हरिप्रसाद निवासी ग्राम बासुपट्टी (नयेपूरा) थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर उम्र करीब 58 वर्ष के रूप में किया गया। पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना देकर गुम मंदबुद्धि वृद्ध व्यक्ति को उनके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया।

परिजनों द्वारा बताया गया कि राजेंद्र प्रसाद नागर वर्ष 1999 में गुम हो गए थे। पूर्व में भी है यह दो बार गुम हुए थे, जो कुछ समय बाद मिल गए थे। विगत 26 वर्षों के बाद आप लोगों के अथक प्रयास से हम लोगों को पुनः मिल सके। हम सभी अपने पारिवारिक सदस्य को 26 वर्षों के बाद पुनः अपने बीच पाकर बहुत खुश हैं। परिजनों द्वारा भदोही पुलिस के मानवतापूर्ण कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद किया गया।

सराहनीय/मानवीय कार्य करने वाली पुलिस टीम-

श्री रमाकांत यादव, प्रभारी निरीक्षक ऊंज तथा पीआरवी पुलिस टीम- मुख्य आरक्षी दीपचंद्र यादव, मुख्य आरक्षी चालक मनोज पाण्डेय व होमगार्ड रमेश बिंद